**प्रेस नोट पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद दिनांक 14.07.2025**

## थाना सिहानीगेट पुलिस टीम द्वारा मोटर साइकिल चोरी करने वाले 04 शातिर अभियुक्त गिरफ्तार। कब्जे से चोरी की 04 मोटरसाइकिल बरामद।

दिनांक 13.07.25 को थाना सिहानीगेट पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना, लोकल इनपुट एवं चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल चोरी करने वाले 04 शातिर अभियुक्तों 1. प्रदीप उर्फ बोना 2. प्रमोद कुमार 3. जीतू 4. दीपक को चोरी की 04 स्पेलण्डर मोटरसाइकिल सहित भाटिया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त उपरोक्त के विरूद्ध आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

**पूछताछ का विवरण:-**

पूछताछ पर प्रदीप व जीतू ने बताया कि हम दोनों सगे भाई हैं। हम लोग अपना व अपने परिवार का खर्च चलाने व अपने शौंक पूरे करने के लिए सुनसान गलियों व घर के आसपास खड़ी मोटरसाइकिलों को मौका पाकर चोरी कर लेते हैं और चोरी की गई मो0सा0 को अपने साथी दीपक व प्रमोद को बेच दी थी। आज ये लोग हमारे पास कागज लेने के लिए आए थे और हम सब लोग मौके पर पकड़े गए।

**नाम पता अभियुक्त-**

1.प्रदीप उर्फ बोना पुत्र हरिकिशन, नि0 दौलतराम कालोनी बबली के मकान के पास कस्बा व थाना दादरी गौतमबुद्धनगर

2.प्रमोद कुमार पुत्र तोताराम, नि0 गली नं0 3, इंदिरानगर, खैर रोड थाना देहलीगेट जनपद अलीगढ

3.जीतू पुत्र हरिकिशन निवासी सूत मिल चौराहा टीवीएस एजेंसी के सामने गली में किराये पर थाना बन्ना देवी जनपद अलीगढ

4.दीपक पुत्र महावीर सिंह निवासी मौहल्ला नंगला कलार उर्फ लक्ष्क्षमपुर थाना बन्ना देवी अलीगढ

**आपराधिक इतिहास**

अभियुक्त प्रदीप उर्फ बोना के विरूद्ध पूर्व में चोरी के 022, जिनमे हरियाणा का 01 अभियोग, दिल्ली का 01 अभियोग व 20 अभियोग गाजियाबाद व अन्य जनपदो के तथा एनडीपीएस एक्ट का 01 अभियोग पंजीकृत है।

अभियुक्त जीतू के विरूद्ध पूर्व में चोरी के 05 अभियोग व गैंगस्टर का 01 अभियोग पंजीकृत है।

**बरामदगी का विवरण:-**

04 मोटरसाईकिल ( चोरी की)

**गिरफ्तार एवं बरामदगी करने वाली टीम:-**

थाना सिहानीगेट पुलिस टीम